12 छात्रों को हुआ चयन

अलीगढ़ : गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में टाटा सीएमसी एलटीडी कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट किया। इसमें 12 छात्रों का चयन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्लेसमेंट सेल के टीपीओ डॉ. मुकेश शर्मा ने पीपीटी के जरिये उपलब्धियां गिनाकर की। कॉलेज डायरेक्टर शशिबाला शर्मा ने सभी छात्रों अच्छे भविष्य की कामना की। डीन गिरीश चंद्र शर्मा, रजिस्टार मोहम्मद आसिफ खान, प्राचार्य डॉ. अंशु सक्सेना ने आभार जताया। इस मौके पर अखिल शर्मा, हितेंद्र गौड़, भावना आनंद, गीता राजपूत आदि मौजूद रहे।

एक नजर

असमां व सुबुही को एसएन नाहर अवार्ड

अलीगढ़ : एएमयू गणित विभाग में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. असमां अली व प्रो. सुबुही खान को एसएन नाहर डिस्टिंगुइश टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस, डॉ. मिजानुर रहमान को एआर रहमान बेस्ट थीसिस अवार्ड व डॉ. मुमताज रियासत को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ मुस्लिम वूमेन इन साइंस का अवार्ड दिया गया। प्रो. असमां अली व प्रो. सुबुही खां को उत्कृष्ट शोध पब्लिकेशंस ट्रेनिंग के लिए, डॉ. मिजानुर रहमान व डॉ. मुमताज रियासत को उनकी उत्कृष्ट थीसिस व शैक्षणिक उत्कृष्टता पर प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप में नकदी व प्रशस्ति पत्र दिए गए। कुलपति जमीर उद्दीन शाह ने गणित विभाग में हो रहे शोध कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का काम है। उन्होंने शिक्षकों से वेबसाइट पर बायोडेटा अपडेट करने को कहा। अमेरिका की ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रो. सुलतान एन नाहर ने कहा कि गणित जटिल और सुंदर विषय है। अध्ययन कर रहे छात्रों को गणित के रहस्यों को सुलझाने में अपने को व्यस्त रखना चाहिए। संचालन गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम मुरसलीन ने किया। इस अवसर पर ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. अनिल प्रधान व विज्ञान संकाय के डीन प्रो. अब्दुल मुनीर भी मौजूद थे।

रचनाकार को बड़ा बनाती है चरित्रों की समझ : प्रो. रावत

अलीगढ़ : एएमयू के हिंदी विभाग के शोध-समिति की ओर से पत्र-वाचन श्रंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध मार्क्सवादी आलोचक तथा हिंदी विभाग के प्रो. रमेश रावत ने कहा कि साहित्य और समाज का सीधा संबंधन नहीं होता है। चरित्रों की समझ रचनाकार को बड़ा बनाती है। चरित्र सृष्टि महत्वपूर्ण है। पाठक को यांत्रिक निष्कर्षों से बचना चाहिए। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अब्दुल अलीम ने शोधार्थियों के उत्साह को विभाग के लिए शुभ संकेत बताया। हर्ष जताया कि हिंदी विभाग अपने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के सक्रिय भागीदारी के कारण निरंतर उन्नति कर रहा है। पत्रवाचक उमेशचंद्र ने आजादी के बाद हिंदी कविता में स्त्री-विमर्श पर विचार रखे। ज्योति कुसुमबल ने शिव प्रसाद सिंह के उपन्यासों में नारी-चरित्रों का विश्लेषण बहुत बारीकी से किया। इन दोनों पत्रों पर इरम खानम तथा रूखसाना ने विचार रखे। स्वागत भाषण प्रो. मेराज अहमद ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन अंबरीन आफताब ने और संचालन सालिम मियां ने किया।

मेडिकल कॉलेज में बढ़ी एमडी की सीट

अलीगढ़ : एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में दो सीट बढ़ाने पर चेयरमैन प्रो. डॉ. एसए आजमी ने हर्ष व्यक्त किया है। अब ये तीन सीट हो गई हैं। डॉ. आजमी ने कहा कि पीएचडी प्रोग्राम भी चल रहा है। हाल ही में बोर्ड ऑफ स्टडीज में मानसिक रोग विभाग को इंस्टीट्यूट ऑफ साइकिएट्री एंड एलायड साइंसेज में परिवर्तन करने के प्रस्ताव पास कर दिया है। इसमें 10 विभाग बनाने का भी प्रस्ताव पास हुआ है। आजमी ने इंतजामिया का आभार जताया।

संग पढ़ेंगे संग बढ़ेंगे, साथ छुएंगे आसमां

दिव्यांग व सामान्य बच्चों को साथ शिक्षा देने वाला स्कूल बनेगा ओएलएफ, मिशनरी को प्रस्ताव भेजा

जागरण संवाददाता, अलीगढ़ : शारीरिक रूप से अक्षम व आंशिक मंदबुद्धि बच्चों को शिक्षा आमतौर पर अलग विद्यालय व अलग पद्धति से दी जाती है। अभिभावक अपने ऐसे बच्चे को प्रतिष्ठित स्कूल में सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने का सपना नहीं देख सकते। मगर, अब वे सपना ही नहीं देख सकते, बल्कि उसे पूरा भी कर सकते हैं। अवर लेडी ऑफ फातिमा (ओएलएफ) सीनियर सेकेंडरी स्कूल 'शिक्षा के लिए सब एक साथ' की नजीर पेश करने जा रहा है। स्कूल में सामान्य बच्चों के साथ विशेष क्षमता वाले बच्चे भी एक छत के नीचे पढ़ेंगे। ऐसा संभव होगा स्कूल में इंक्ल्यूसिव एजुकेशन की शुरुआत होने से। ऐसी व्यवस्था करने वाला ओएलएफ जिले का पहला स्कूल बन जाएगा। इसमें टोटल मेंटली हैंडीकैप्ड बच्चों को शामिल नहीं किया जाएगा। आंशिक दिव्यांग ही शुरुआत में शामिल होंगे। इन कक्षाओं का उद्घाटन आर्च बिशप डॉ. अलबर्ट डिसूजा कर सकते हैं।

सिस्टर ज्योत्सना ● जागरण

ओएलएफ स्कूल ● जागरण

स्कूल सोसायटी की प्रॉवेंशियल सिस्टर समीना ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए प्रिंसिपल सिस्टर ज्योत्सना को प्रस्ताव दिया था। प्रिंसिपल ने प्रस्ताव को ओएलएफ मिशनरी के पास भेजा है। सब ठीक रहा तो अगले साल से व्यवस्था लागू हो सकती है।

पहली कक्षा में : कुछ दिन पहले ही ओएलएफ में 11वीं व 12वीं की पढ़ाई के लिए नए भवन का उद्घाटन हुआ है। इसी में कक्षा एक में सामान्य बच्चों के साथ कुछ दिव्यांग बैठाए जाएंगे। बाद में अन्य कक्षाओं में लागू किया जाएगा।

अलग शौचालय व लिफ्ट : दिव्यांग बच्चों के लिए नए भवन में विशेष शौचालयों का निर्माण भी करा लिया गया है। रैंप व लिफ्ट की व्यवस्था भी की गई है।

शिक्षकों की ट्रेनिंग : सिस्टर ज्योत्सना ने बताया कि ये कक्षाएं शुरू करने की जिम्मेदारी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं संभालेंगे। दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के तरीके अलग होते हैं। इसके लिए पहले शिक्षक-शिक्षिकाओं की ट्रेनिंग कराई जाएगी।

अलीगढ़ के ही बच्चे : प्रिंसिपल ने बताया कि स्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया पर भी मंथन किया जा रहा है। बच्चे अलीगढ़ के ही होंगे।

वैल्यू सिखाना : प्रिंसिपल ने बताया कि सामान्य बच्चों में वैल्यू समझने की आदत का विकास करना है। साथ होने से दिव्यांग बच्चों को भी हौसला मिलेगा। सामान्य बच्चे भी सीखेंगे कि हर अंग का कितना महत्व है।

शांति से निपटीं आसान परीक्षाएं

प्रशासन की संस्तुति पर यूपी बोर्ड ने सात केंद्रों को किया डिबार

अलीगढ़ : यूपी बोर्ड की शुक्रवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की आसान परीक्षाएं शांति से निपट गईं। सुबह की पाली में 10वीं की संस्कृत, पाली, अरबी व फारसी विषयों की परीक्षाएं थीं। 12वीं की सुबह पाली में चित्रकला, रंजनकला विषयों की परीक्षाएं हुईं। वहीं दोपहर की पाली में कृषि जंतु विज्ञान की परीक्षा हुई। 10वीं की चारों परीक्षाओं में जिले में कुल पंजीकृत 1082 परीक्षार्थियों में से 874 हाजिर व 208 गैरहाजिर रहे। 12वीं की परीक्षाओं में जिले में पंजीकृत 5818 परीक्षार्थियों में से 5048 हाजिर रहे। डीआइओएस राजू राणा ने बताया कि आसान परीक्षाओं में नकल की संभावना कम ही रहती है।

सात केंद्र बोर्ड से डिबार

यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान निरीक्षण में नकल में लिप्त पाए जाने वाले कई परीक्षा केंद्रों को डिबार करने की संस्तुति की गई है। डीआइओएस राजू राणा ने बोर्ड मुख्यालय को संस्तुति भेजी थी। बोर्ड ने हर पहलू को बारीकी से परखते हुए जांच की। इसके बाद सात केंद्रों को डिबार करने का फैसला सुना दिया। डिबार हुए केंद्रों में सरोज देवी इंटर कॉलेज जरारा, राधा गोविंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपी, श्री दरियाब सिंह इंटर कॉलेज मौहकमपुर, शिव आदर्श इंटर कॉलेज लोहगढ़, श्री मथुरा प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवां सिकंदरपुर, श्री भगवान सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा व किसान इंटर कॉलेज हारनपुर कला अलीगढ़ शामिल हैं।

मंत्रीजी आपके क्षेत्र में भी नहीं रुक पाएगी नकल?

अलीगढ़ : भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह का गृह व विधानसभा क्षेत्र अतरौली नकल के कारोबार के चलते अतरौलिया बोर्ड बन गया है। अफसोस ये है कि वरिष्ठ भाजपा नेता कल्याण सिंह के पौत्र व शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के क्षेत्र में भी नकल माफिया नकल कराने में 56 इंच का सीना दिखा रहे हैं। मंत्रीजी उसी भाजपा पार्टी से हैं जिसमें रहते हुए उनके दादा कल्याण सिंह ने नकल अध्यादेश लागू किया था।

अब प्रदेश में भाजपा सरकार है और संयोग से उन्हीं कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह अब प्रदेश के शिक्षा राज्यमंत्री हैं। फिर क्या वजह है कि अतरौली समेत प्रदेश में नकल नहीं रुक पा रही? नकल के इस चोखे धंधे में तथाकथित रूप से करोड़ों रुपयों का खेल हो जाता है। अतरौली क्षेत्र के अतरौलिया बोर्ड बनने पर अफसोस व्यक्त करते हुए एसवी कॉलेज के एसोसिएट प्रो. डॉ. वीपी पांडे ने शिक्षामंत्री को भी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने उक्त कथनों का जिक्र मंत्रीजी से किया है। कहा कि निश्चित रूप से नकल की इस अवैध कमाई का बंदर बांट भी होता होगा, जिससे नकल का यह चोखा धंधा बदस्तूर जारी है। नकल से मिलने वाली मलाई को चाटने के लिए हर कोई लालायित रहता है। शायद इसीलिए पिछले सपा और बसपा शासन काल में नकल के इस खेल पर कारगर ढंग से लगाम नहीं लगाई जा सकी। उन्होंने मांग की कि मंत्रीजी कुछ करिए, अब तो पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है।

अफसोस

- एसवी कॉलेज के प्रोफेसर ने लिखा शिक्षा राज्यमंत्री को पत्र
- पूछा, अतरौली समेत प्रदेश में क्यों नहीं रुक रही नकल

विश्वविद्यालय की परीक्षा में पकड़े 35 नकलची

अलीगढ़ : विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में खुलेआम नकल चल रही है। गुरुवार को जिलेभर उड़नदस्तों ने छापामार कार्रवाई की और 35 नकलची पकड़े।

शुक्रवार को एसवी कॉलेज में पहली पाली में 260, दूसरी पाली में 765 व तीसरी पाली में 645 छात्र-छात्राएं परीक्षा में बैठे। टीकाराम कॉलेज में सुबह की पाली में बीएससी में 178 में से 177, दोपहर की पाली बीए में से 385, बीकॉम में 166 व शाम की पाली में बीएससी में 165, बीकॉम में 173 और बीए में 116 छात्राओं ने परीक्षा दी। सचल दल ने डॉ. मुकेश भारद्वाज के नेतृत्व में खैर के श्री खुशीराम कॉलेज में छापामार कार्रवाई में नौ छात्रों को नकल करते हुए पकड़ा गया। बांकनेर के फतेह सिंह महाविद्यालय में नौ, आरजे कॉलेज रायपुर में एक छात्र को नकल करते दबोचा गया। शाम की पाली में कृष्णा कॉलेज सुजानपुर नौ छात्र पकड़े गए। डीएस कॉलेज में छह छात्र नकल करते मिले। एसवी कॉलेज में एक नकलची धरा गया।

प्रो. आसिफ को मिली फेलोशिप

अलीगढ़ : जेएन मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी सेंटर में निदेशक प्रो. आसिफ हसन को अमेरिका के प्रतिष्ठित फेलोशिप इन अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी से सम्मानित किया गया है। प्रो. हसन को फेलोशिप वाशिंगटन में आयोजित एक समारोह में दी गई। प्रो. हसन ने बताया कि सेंटर की ओर से 19 अप्रैल को पेसिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

प्रो. आसिफ हसन ● जागरण

लंबी और ऊंची कूद में मारी बाजी

अलीगढ़ : इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट एंड टेक्नालॉजी शिक्षक-शिक्षा संकाय ने लंबी व ऊंचीकूद प्रतियोगिता का आयोजन अतरौली स्थित महलवार इंस्टीट्यूट में किया गया। शुभारंभ संस्थापक डॉ. डीएस महलवार, एमआइटी प्राचार्य डॉ. पुष्कल कुलश्रेष्ठ, बीएड विभाग अध्यक्ष डॉ. अंजू सक्सेना, बीटीसी प्राचार्या डॉ. अजीता सिह, संयोजिका डॉ. एस. एफ उस्मानी, डॉ. सुनील चौहान ने किया। लंबीकूद, ऊंचीकूद, 100 व 200 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में मुकेश प्रथम, अमित द्वितीय, सुनील तृतीय रहे। लंबीकूद के बालिका वर्ग में आरती प्रथम, चंचल द्वितीय, मोनिका तृतीय रहीं। ऊंचीकूद बालिका वर्ग में आरती प्रथम, चंचल द्वितीय, प्रिया तृतीय रहीं। 100 मीटर बालिका वर्ग में आरती प्रथम, चंचल द्वितीय, प्रिया तृतीय रहीं। 200 मीटर बालिका वर्ग में आरती प्रथम, चंचल द्वितीय, रिचा तृतीय रहीं।

24x7 Helpline: 0171-3055222
Dr. Juneja's ACCUMASS®
वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

छात्र-शिक्षकों ने किया रक्तदान

इगलास : मंगलायतन विश्वविद्यालय में आयोजित शिविर में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने रक्तदान किया। वक्ताओं ने रक्तदान का महत्व बताया। कुलसचिव डॉ. अजय राजपूत ने कहा कि व्यक्ति के एक बार रक्तदान करने से कई जिंदगियों को बचाने का पुण्य मिलता है। निदेशक जनसंपर्क प्रो. हेमंत अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान करने से धमनियों में अवरोध उत्पन्न होने की आशंका कम हो जाती है। रक्तदान समाज के लिए तो लाभप्रद है ही, रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी हितकर है। कुलपति ब्रिगेडियर प्रदीप सिवाच ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। अलीगढ़ के डॉ. अनुराग राजवंशी ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह बाद रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने वालों में 50 छात्र, 15 छात्राएं व 12 शिक्षक शामिल रहे। यह आयोजन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व स्वयंसेवी संगठन 'कदम' ने किया। इसमें नमन, अश्विन, सलोनी, दिव्यांशु, गौरव, पूर्णिमा, जैनव व शशांक का सहयोग रहा।

शिविर में रक्तदान करती छात्रा ● जागरण

वैरिकोस वेन्स (सफीत शिरा)?
अपने पैरों की देखरेख अच्छी तरह करें
वैरिकोस वेन्स के लक्षण:
• पैरों पर स्पष्ट से उभरी हुई और फैली हुई नसें।
• पैरों में भारीपन, थकावट, खुजलाहट या बेचैनी।
• पैरों में त्वचा में परिवर्तन यथा कालापन आदि।
बचें –
ऐसी स्थिति में एनआईएचसी, इंग्लैंड के परामर्शानुसार स्टॉकिंग्स और सर्जरी से बचें।
सर्वोत्तम परिणामों के लिए: दिन में 3 बार, लगातार 6 हफ्तों तक, वार्को की 8-9 यूनिट्स का प्रयोग करें।
वार्को स्थान विशेष पर लगाया जाने वाला (टॉपिकल) फाइटो तेल है, जिसको औषधशास्त्र एंव विष-विज्ञान के अनुसार जांचा-परखा गया है, *हमारा फार्मूला ड्रग कंट्रोल ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृत है।
वार्को तेल
Leg Care
Topical Phyto Oil
Available online at Flipkart | snapdeal
www.varcophyto.com
उपयोग सम्बंधी जानकारी, आवेदन के तरीके तथा सीओडी सुविधा के लिए कॉल करें: 011 45555316/317, 9874366800
Marketed by: Nanophyto Pharmacy For distribution enquiry call: +91-8188883322 | For more information visit: ww.varcophyto.com, e-mail: info@varcophyto.com
Authorized Superstockist: Uttar Pradesh: Adarsh Agencies555-+91 9415077887 | Ask your nearest chemist to get in touch with our authorised distributor Lucknow 3916274 Varanasi: 9415224881, Faizabad: 9415715983 Bareilly: 9897080887 Agra: 9412720514, Raibareilly: 9415190736, Jhansi: 9415949015, Aligarh: 8868998992, Ghaziabad: 9810777371, Ettawa: 9411865283, Meerut: 8899611664, Mathura: 9456661198, Sultanpur: 8737878378, Deoria: 9415281949, Pratapgarh: 9415229541, Gorakhpur: 9415357905, Allahabad: 9839046501, Muradabad: 9927177874, Muzzafarnagar: 9278255411 Available at all leading chemist/ayurvedic shops

बैग व किताब बिना भी अव्वल, मिला सम्मान

अलीगढ़ : कक्षा एक से आठ तक के सरकारी स्कूलों की वार्षिक परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। स्कूल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। ये उत्कृष्ट नंबर तब आए हैं, जब बच्चों को किताबें परीक्षा से दो महीने पहले मिलीं। वहीं, इन किताबों को रखने के लिए बैग तो पूरा सत्र खत्म होने तक भी नहीं मिल पाए। शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय एलमपुर के मेधावी बच्चों को बीएसए धीरेंद्र कुमार ने सम्मानित किया। पूरे जिले में करीब 2500 सरकारी स्कूलों में लगभग 2.47 लाख बच्चे शिक्षा पाते हैं। इसमें 1774 प्राइमरी व 735 जूनियर स्कूल हैं।

सभी बच्चों का परिणाम स्कूलवार जारी किया गया है। इससे अधिकारियों के पास अभी पूरे जिले का परिणाम प्रतिशत नहीं एकत्रित हो सका है। बीएसए ने कहा कि पूरे जिले के स्कूलों में जहां बच्चे प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए हैं, सबको शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बच्चों को सम्मानित करने में हेड मास्टर वीरेंद्र सिंह, कक्षा अध्यापिका अरुणा कौशिक व परीक्षा प्रभारी अंजना अग्रवाल मौजूद रहे।

पहल | सभी हॉल में छात्रों की होगी काउंसिलिंग, 'लेट्स टॉक कॅरियर' का शुभारंभ

एएमयू में पढ़ाई के साथ नौकरी पर बात

जागरण संवाददाता, अलीगढ़ : एएमयू में कैंपस प्लेसमेंट पर लगातार जोर दिया जा रहा है, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ नौकरी भी मिल सके। छात्र-छात्राओं को नौकरी के लायक बनाने के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस (जनरल) की ओर सभी हॉल में काउंसिलिंग कार्यक्रम 'लेट्स टॉक कॅरियर' का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति जमीर उद्दीन शाह ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, जहां आकर्षक वेतन के साथ अधिकार और निर्णय लेने की पावर भी हासिल होती है। आरएएफ के कमांडेंट हेलाल फिरोज ने अपने अनुभवों को साझा कर बताया कि कैसे संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में बदलाव ला सकता है। एएसपी अमित कुमार ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए लगातार संघर्ष की आवश्यकता होती है।

एएमयू में 'लेट्स टॉक कॅरियर' का शुभारंभ करते जमीर उद्दीन शाह व अन्य ● जागरण

रेजीडेंशियल कोचिंग अकादमी के निदेशक प्रो. मुहम्मद कलीमउद्दीन अहमद ने कहा कि छात्रों को समाचार पत्रों के नियमित वाचन के साथ अपने प्रकाशित लेखों का आलोचनात्मक रूप से अध्ययन करना चाहिए। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफीसर साद हमीद ने लेट्स टॉक कॅरियर के बारे में बताया। कहा, हालों में इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों को प्रशिक्षण व कॅरियर डेवलपमेंट में मदद मिलेगी। बीटेक छात्र मुहम्मद रेयान ने भी विचार रखे। स्वागत मेडिसिन फैकल्टी के छात्र मशकूर अहमद ने व संचालन मुसाफिर जावेद ने किया।

नटखट स्कूल में मेधावी सम्मानित

अलीगढ़ : सासनी गेट स्थित नटखट किड्स प्ले स्कूल में रिजल्ट व अवार्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्टार ऑफ द ईयर व डिसिप्लिन अवार्ड से आठ बच्चों को सम्मानित किया गया। निदेशिका वंदना वार्ष्णेय ने कहा कि बच्चों का शारीरिक के साथ मानसिक विकास होना भी जरूरी है। इस दौरान दीप्ति, प्रिया, प्रियंका, हर्षिता, गुंजन आदि मौजूद रहीं।

बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए शरीर के साथ दिमाग का भी स्वस्थ होना बेहद जरूरी है

सासनीगेट स्थित नटखट किड्स प्ले स्कूल में सम्मानित किए गए बच्चे ● जागरण

सीएसआईआर-केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान
CSIR - CENTRAL LEATHER RESEARCH INSTITUTE
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
Council of Scientific & Industrial Research
अडयार, चेन्नै, तमिलनाडु, भारत
Adyar, Chennai-600 020, Tamil Nadu, India
75 Years of CSIR Touching Lives
सं.5(539)/2016-EI | विज्ञापन सं. 2/2017 | दिनांक: 01.04.2017
केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान, अडयार, चेन्नई विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त शासी संगठन, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की एक प्रमुख घटक प्रयोगशाला है। यह भारतीय जनता के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभ के लिए विभिन्न वैज्ञानिक विषयों के मौलिक और व्यावहारिक, दोनों प्रकार के बहुआयामी अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों से संबद्ध है।
निम्नलिखित वैज्ञानिक और तकनीकी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद	वेतनमान, ग्रेड वेतन और कुल परिलब्धियाँ (प्रतिमाह)	पदों की संख्या	ऊपरी आयु सीमा* (आवेदन की अंतिम तारीख के अनुसार)
1	वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक	रु.37400-67000 (PB-4) ग्रेड वेतन: रु.8900 कुल परिलब्धियाँ: रु.1,39,176/-	1 (UR)	50 वर्ष
2	वैज्ञानिक	रु.15600-39100 (PB-3) ग्रेड वेतन: रु.6600 (कुल परिलब्धियाँ: रु.75,511/-	10 (4 OBC, 6 UR)	32 वर्ष
3	वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1)	रु.15600-39100 (PB-3) ग्रेड वेतन: रु.5400 कुल परिलब्धियाँ: रु.62,594/-	1 (PwD) (OH / HH)	45 वर्ष (पीडब्ल्यूडी के लिए आयु में छूट सहित)

*विस्तृत विज्ञापन में छूट कॉलम के तहत आयु में छूट के बारे में देखें।
विस्तृत विज्ञापन, नियम और शर्तें आदि के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www. clri.org देखें।
ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तारीख: 01.04.2017
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 01.05.2017
आवेदनों की हार्ड प्रतियाँ प्राप्त होने की अंतिम तारीख: 08.05.2017
वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक